डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2024 / 4032 **दिनांकः** 12.09.2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एम0टेक0 / एम0 आर्क0, पाठ्यक्रम संचालित
करने वाले समस्त निजी क्षेत्र में स्थापित प्राविधिक संस्थान

विषयः सत्र 2024–25 में एम0टेक0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी / एम0डेस0 पाठ्यक्रम में "डायरेक्ट एडमीशन" की अनुमति के संबध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि "डायरेक्ट एडमीशन" हेतु एम0टेक0 / एम0आर्क0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम अर्हता वही होगी जो सम्बन्धित नियामक संगठन (ए0आई0सी0टी0ई0 / सी0ओ0ए0) द्वारा प्रावधानित है। उक्त निर्धारित अर्हता के आधार पर संस्थान में प्रवेशित छात्र–छात्राओं का प्री–रजिस्ट्रेशन दिनांक 13 सितम्बर, 2024 से 15 सितम्बर, 2024 तक कराना सुनिश्चित करें।

पंजीकरण प्रकिया के इच्छुक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई0आर0पी0 माड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध पंजीकरण व्यवस्था के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क का भुगतान निम्नानुसार ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा।

GATE–2024/CUET–2024 की परीक्षा में सम्मिलित एवं कमांक धारक अभ्यर्थियों के साथ–साथ प्रवेश के इच्छुक वे अभ्यर्थी जिन्होंने GATE–2024 की परीक्षा नहीं दी है, परन्तु प्रवेश के इच्छुक हैं एवं प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित करते हैं उन्हें निम्नानुसार निर्धारित शुल्क के साथ प्री–रजिस्ट्रेशन करना होगा।

1.	उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के विद्यार्थी	रू0 1000.00
2.	उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थी एवं समस्त वर्ग की महिला विद्यार्थी	

एम0टेक0 / एम0आर्क0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता उन अभ्यर्थियों को अनुमन्य की जाएगी जिन्होंने सम्बन्धित विद्या में GATE–2024/CUET–2024 की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

अतः उक्त से अवगत होते हुए उपरोक्त सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

सहायक कुलसचिव, नामांकन

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. उप कुलसचिव, नामांकन, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
6. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

सहायक कुलसचिव, नामांकन